वी.यू. द्वारा गौ-शालाओं से हेल्थी गौ- वंश का सिलेक्शन शुरू

प्रदेश में गौ-शाला के एमब्रियू (गौ- शाला की देसी गायों के भ्रूण प्रत्यारोपण से आनुवंशिक सुधार) प्रोजेक्ट की कमान संभाल रहे माननीय कुलपति डॉ. एस. पी. तिवारी जी ने अब मैदानी स्तर पर काम तेज़ कर दिया है। प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द कागज़ से ज़मीन में उतारने के लिए कुलपति डॉ. एस. पी. तिवारी अपनी एक्सपर्ट टीम को साथ लेकर मैराथन दौड़ लगा रहे है। प्रोजेक्ट के लिए हेल्थी गौ- वंश के सिलेक्शन के लिए आज दूसरे दिन सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गौ-शालाओं के भ्रमण के लिए कुलपति निकल पड़े।

इन गौ-शालाओं से ली जानकारी - कुलपति डॉ. एस. पी. तिवारी सुबह सबसे पहले बरेला स्थित रानी अवंती बई गौ-शाला गए। इसके बाद शहपुरा क्षेत्र में संचालित कामधेनु गौ-शाला व कृष्ण गौ-शाला का भ्रमण कर गौ-शाला संचालकों से गौ- वंश के संबंध में जानकारी ली। इस भ्रमण के दौरान टीम में वि.वि. के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार बाजपेई , डॉ. एस. के. बाजपेई, डिप्टी डायरेक्टर वेटनरी विभाग, डॉ. प्रणव सिंह, जिला गौ-शाला नोडल अधिकारी, डॉ. एस. पी.सिंह प्रभारी रानी अवंती बाई गौ-शाला गड़ारखेडा , डॉ. नवीन लाल प्रभारी कामधेनु एवं कृष्ण गौ-शाला शहपुरा, श्री. रौनक मिश्रा निज सचिव कुलपति शामिल रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर